Government of Western Australia
Department of Health
Public and Aboriginal Health Division

मैनिन्जोकोकल ए सी डब्ल्यू वाई (ACWY) स्कूल आधारित टीकाकरण कार्यक्रम 2019

मैनिन्जोकोकल बीमारी क्या है?

मैनिन्जोकोकल एक आम तौर पर होने वाली बीमारी नहीं है, लेकिन, कभी-कभी यह प्राण-घातक होती है। यह बीमारी ख़ून में और / या मस्तिष्क और मेरु-रज्जु (spinal cord) को ढकने वाली झिल्लियों में बैक्टीरिया से होने वाले संक्रमण के कारण होती है।

हालाँकि एंटीबायोटिक दवाओं से इलाज हो जाता है, लेकिन संक्रमण बहुत तेजी से बढ़ सकता है, इसलिए यह आवश्यक है कि यदि किसी में मैनिंजोकोकल रोग के लक्षण दिखाई दे रहे है तो उसे तुरंत चिकित्सा करानी चाहिए।

किसी भी समय में, लगभग 10 प्रतिशत स्वस्थ लोगों के नाक या गले में मैनिंजोकोकल के बैक्टीरिया होते हैं और उनसे कोई हानि नहीं होती है, और वे लोग उससे बीमार नहीं होते हैं।

मैनिन्जोकोकल बीमारी कैसे होती है?

मैनिन्जोकोकल बैक्टीरिया साँस-प्रणाली संबंधी स्राव (खाँसने, छींकने या चुंबन करने) से फैलते हैं। ये बैक्टीरिया वातावरण में कुछ सेकंड से ज्यादा जीवित नहीं रहते हैं।

इस बीमारी की केवल बहुत नज़दीकी संपर्क वाले लोगों में ही फैलने की संभावना है, जैसे कि एक ही घर में रहने वाले लोगों में, यौन संपर्क से और उन बच्चों को जो दिन की देखभाल के एक ही केंद्र में लगातार चार घंटे से अधिक के लिए रहते हैं।

डब्ल्यू ए स्वास्थ्य (WA Health) कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए टीकाकरण कार्यक्रम क्यों ऑफ़र करता है?

हाल ही में एक विशेष प्रकार के जीवाणु 'सेरोग्रुप डब्ल्यू', (serogroup W) के कारण मैनिन्जोकोकल संक्रमण में वृद्धि हुई है।

मैनिन्जोकोकल बीमारी किसी भी आयुवर्ग को प्रभावित कर सकती है। हालाँकि, मैनिन्जोकोकल रोग के वाहक (carriage) होने और बीमार होने की सबसे अधिक दर किशोरों में होती है और यह आयु समूह उन लोगों को बैक्टीरिया से संक्रमित कर सकता है, जिन्हें संक्रमण होने का अधिक ख़तरा होता है, और छोटे बच्चों को भी।

यह अपेक्षा है कि कक्षा 10 के छात्रों के टीका लगाने से अन्य लोगों में बैक्टीरिया का प्रसार कम होगा और बड़े समुदाय में संक्रमण को फ़ैलने से रोकने में मदद मिलेगी।

कौन सा टीका इस्तेमाल किया जाएगा और यह कितना प्रभावी है?

मैनिन्जोकोकल ए सी डब्ल्यू वाई (ACWY वैक्सीन) टीका इस्तेमाल किया जाएगा। यह टीका मैनिन्जोकोकल बैक्टीरिया के चार सेरोसमूहों (serogroups) से बचाता है: ए, सी, डब्ल्यू और वाई। **इस स्कूल-आधारित कार्यक्रम के लिए नाइमेंरिक्स® ब्रैंड के वैक्सीन का उपयोग किया जाएगा।**

ये टीके सुरक्षित और प्रभावी हैं। मैनिन्जोकोकल ACWY टीकाकरण कार्यक्रम 2015 से यू के में 13 से 15 वर्ष की आयु वर्ग के किशोरों के लिए और 2005 से यू एस में 11-12 वर्ष के किशोरों के लिए लागू किए गए हैं, जिनके बारे में कोई महत्वपूर्ण चिंता की बात की कोई रिपोर्ट नहीं आई है। टीका आमतौर पर एक ख़ुराक के रूप में दिया जाता है। आगे की ख़ुराक की सिफ़ारिश उन लोगों के लिए की जाती है, जिन्हें इस बीमारी के होने की ज़्यादा जोखिम है और उन लोगों के लिए भी की जाती है जो ऐसी जगह के लिए यात्रा पर जा रहे हैं जहाँ यह होना बीमारी आम है। अध्ययनों से पता चला है कि किशोरावस्था में मैनिंजोकोकल एसीवीवाई (ACWY) टीके की प्रभावशीलता 80-85 प्रतिशत के बीच है।

किसे यह टीका नहीं लगवाना चाहिए ?

टीका लगाने वाले व्यक्ति को बताएँ यदि:

- **यदि आपको किसी प्रकार की गंभीर, जीवन के लिए ख़तरा पैदा करने वाली एलर्जियाँ हैं।**

  यदि आपको मैनिन्जोकोकल ACWY टीके की पिछली ख़ुराक के बाद जीवन के लिए ख़तरा पैदा करने वाली एलर्जी संबंधी प्रतिक्रिया हुई थी, या आपको इस टीके के किसी भी तत्त्व से गंभीर एलर्जी है, तो आपको यह टीका नहीं लगवाना चाहिए।

  आपके टीका लगाने वाला आपको इस टीके के बारे में बता सकता है कि इस टीके में क्या-क्या मिला है।

- **आप गर्भवती हैं या स्तनपान करा रही हैं।**

  आमतौर पर गर्भवती या स्तनपान करा रही महिलाओं को मैनिन्जोकोकल टीका लगवाने की सलाह नहीं दी जाती है लेकिन, चिकित्सक के निर्देश पर टीका लगाया जा सकता है। अपने जीपी (GP) से भी सलाह करें यदि इसकी संभावना है कि आप गर्भवती हैं या आप स्तनपान करा रही हैं।

टीके के क्या दुष्परिणाम हैं?

किसी भी दवा से, जिसमें टीके भी शामिल हैं, सामान्य प्रतिकूल प्रतिक्रिया हो सकती है। आमतौर पर ये प्रतिक्रियाएँ बहुत हल्की होती हैं और अपने आप ठीक हो जाती हैं। गंभीर प्रतिक्रियाएँ हो सकती हैं पर ये विरले ही होती हैं। इसकी बात की बहुत कम संभावना है कि टीके से कोई गंभीर नुक़सान पहुँचे या मृत्यु हो जाए। टीके से आपको मैनिन्जोकोकल का संक्रमण नहीं होता है।

आमतौर पर होने वाले दुष्प्रभावों में शामिल हैं, इंजेक्शन लगने के स्थान पर दर्द, लालिमा, सूजन, बुख़ार, चिड़चिड़ापन, नींद सी आना, भूख कम हो जाना, सिर दर्द, चकत्ते (rash) होना और मितली आना। हालाँकि, सामान्य रूप से गंभीर प्रतिकूल घटनाएँ होना दुर्लभ बात है।

टीके की सुरक्षा की हमेशा निगरानी की जाती है। अधिक जानकारी के लिए www.tga.gov.au या www.immunise.health.gov.au पर जाएँ।

अगर कोई गंभीर प्रतिक्रिया होती है तो – मुझे किन बातों पर ध्यान देना चाहिए ?

उस हर चीज़ पर ध्यान दें जिसके विषय में आपको चिंता है जैसे कि गंभीर एलर्जी संबंधी प्रतिक्रिया के लक्षण दिखें, बहुत तेज़ बुख़ार हो, या आप असामान्य व्यवहार करने लगें। गंभीर एलर्जी संबंधी प्रतिक्रिया के लक्षणों में शामिल हो सकते हैं त्वचा पर चकत्ते उभरना, चेहरे पर और गले में सूजन, साँस लेने में कठिनाई, दिल की धड़कन तेज हो जाना, चक्कर आना, और कमजोरी महसूस करना- शामिल हो सकते हैं - आमतौर पर टीका लगने के बाद कुछ ही मिनटों में या कुछ के घंटों बाद ये प्रतिक्रियाएँ हो सकती हैं। किसी भी गंभीर प्रतिक्रिया के होने पर एम्बुलेंस को बुलाएँ या अपने निकटतम आपातस्थिति विभाग में जाएँ।

मुझे क्या करना चाहिए?

हल्के बुख़ार या दर्द को कम करने में पैरासीटामोल मदद कर सकती है और जहाँ इंजेक्शन लगाया गया है वहाँ ठंडा व गीला कपड़ा रखने से दर्द कम हो सकता है। यदि आपके ऐसी प्रतिक्रिया होती है जिसके लिए आपको लगता है कि वह गंभीर है या अनपेक्षित है तो कृपया चिकित्सीय सलाह लें या पास के आपातस्थिति विभाग में जाएँ।

या ***हैल्थ डाइरेक्ट ऑस्ट्रेलिया*** को1800 022 222 पर फ़ोन करें।

वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया वेक्सीनेशन सेफ़्टी सर्वेलेंस (WAVSS) के पास प्रतिक्रिया की रिपोर्ट अवश्य की जानी चाहिए। आपके टीका लगाने वाले को इस रिपोर्ट को दर्ज़ कराना चाहिए या आप WAVSS की वेबसाइट www.wavss.health.wa.gov.au पर खुद इसकी रिपोर्ट को कर सकते हैं या आप सप्ताह के दिनों में सुबह 8.30– शाम 4.30 तक 9321 1312 पर फ़ोन कर सकते हैं

अधिक जानकारी

मैनिन्जोकोकल के टीके के बारे में यदि आपके कोई प्रश्न हैं तो ***हैल्थडाइरेक्ट ऑस्ट्रेलिया*** से 1800 022 222 पर संपर्क करें या जिस लिफ़ाफ़े में आपके सहमति के काग़ज हैं, उस लिफ़ाफ़े के पीछे दिए गए संपर्क विवरण का इस्तेमाल करके, अपने टीका लगाने वाले स्थानीय व्यक्ति से संपर्क करें।

HealthyWA
healthywa.wa.gov.au

अनुरोध किए जाने पर यह दस्तावेज़ विकलांग व्यक्ति के लिए अन्य प्रारूपों में उपलब्ध कराया जा सकता है.

कम्युनिकेबल डिज़ीज़ कंट्रोल डायरेक्टॉरेट द्वारा तैयार किया गया

© स्वास्थ्य विभाग 2019

इस सामग्री का कॉपीराइट पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया राज्य के अधिकार में है जब तक कि अन्यथा निर्दिष्ट नहीं किया गया है। निजी अध्ययन, अनुसंधान, आलोचना या समीक्षा के प्रयोजनों के उचित निष्पादन, जिनके लिए *कॉपीराइट एक्ट 1968* प्रावधानों के तहत अनुमति दी गई है, के अलावा पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया राज्य की लिखित अनुमति के बिना किसी भी तरह के अन्य उद्देश्य के लिए इसके किसी भी हिस्से को पुन: प्रस्तुत या उसका पुन: उपयोग नहीं किया जा सकता है।

IMM-013356 JUN'19